RMC SWITCHGEARS LTD.
Safety And Values , Your Way !

+91 141 4400222
www.rmcindia.in
admin@rmcindia.in

**Date: 25.04.2026**

| To<br>Sr. General Manager<br>Department of Corporate Services<br>BSE Limited<br>Phiroze Jeejeebhoy Towers<br>Dalal Street Mumbai - 400001<br>Scrip Code: 540358 | To<br>Sr. General Manager<br>Listing Department<br>National Stock Exchange of India Limited<br>Exchange Plaza, C-1, Block G<br>Bandra Kurla Complex, Bandra (E), Mumbai - 400 051<br>Symbol: RMC |
|---|---|

**Subject- Newspaper advertisement regarding notice of postal ballot and remote e-voting to members**

**Ref: Regulation 30 and 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("Listing Regulations")**

**Dear Sir/Madam,**

Pursuant to Regulation 30 and Regulation 47 of Listing Regulations we submit herewith the copies of newspaper advertisement published by the Company in all India edition of Financial Express [English Newspaper] and in Rajasthan Edition of Business Remedies [Hindi Newspaper] on April 25, 2026 regarding notice of the Postal Ballot and remote E-voting to seek approval of the members of the company, in compliance with Section 108 and 110 of the Companies Act, 2013 read with Rule 20 and 22 of The Companies (Management and Administration) Rules, 2014, as amended and Regulation 44 of the Listing Regulations.

This will also be hosted on the website of the company at www.rmcindia.in

You are requested to take the above information on records.

Thanking You,

Yours Faithfully
For and on behalf of

RMC Switchgears Limited

SHIVANI BAIRATHI
Digitally signed by SHIVANI BAIRATHI
Date: 2026.04.25 10:46:01 +05'30'

**Shivani Bairathi**
**Compliance Officer & Company Secretary**
**Membership No.- A42636**

Encl: As above

BUSINESS

## न्यूज ब्रीफ

## महेश नगर ग्रीन मोक्ष धाम का शुभारंभ



**जयपुर | बिजनेस रेमेडीज़**

वैश्विक पर्यावरण संरक्षण एवं गौसंवर्धन के हितार्थ कार्य करते हुए गौमाया पिछले एक दशक से निरंतर प्रयासरत है। गौमाया के फाउंडर डॉ. सीताराम गुप्ता ने बताया कि नगर निगम जयपुर से एमओयू कर 11 मोक्ष धाम गोद लिए गए, जिसके तहत बी 2 बायपास मोक्ष धाम पर गोमय भवन का निर्माण कर गोमय समिधा से निःशुल्क अंतिम संस्कार प्रारंभ किए गए जो अनवरत जारी है इससे एक कदम आगे बढ़कर मोक्ष धामों के सर्वांगीण विकास हेतु समाजों को साथ जोड़कर नगर निगम जयपुर से 20 साल की लीज के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किए गए तथा अंतिम संस्कार में कार्बन क्रेडिट के लिए स्वीटजरलैंड जेनेवा के गोल्ड स्टैंडर्ड से एप्प्रूड होने वाला गौमाया विश्व का प्रथम प्रोजेक्ट बना। प्रसिद्ध भामाशाह योगेश मित्तल एवं राजा मुकीम ने बताया कि इसके तहत जयपुर खंडेलवाल वैश्य समाज समन्वय समिति के संयुक्त तत्वावधान में महेश नगर मोक्ष धाम को राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (नीरी नागपुर) भारत सरकार के तकनीकी मार्गदर्शन में एमएनआईटी एमआईआईसी जयपुर एवं नियाम भारत सरकार के मार्गदर्शन के साथ ग्रीन मोक्ष धाम के रूप में विकसित करने के लिए भव्य शुभारंभ किया गया। इस पहल से संपूर्ण भारत में प्रतिवर्ष अंतिम संस्कार से उत्पन्न होने वाली 90 लाख टन कार्बन डाइऑक्साइड एवं अन्य गैसों के उत्सर्जन को नेट जीरो पर लाया जा सकेगा, जो ग्लोबल वार्मिंग को कम करने में सहायक सिद्ध होगी तथा विश्व व्यापी पहचान कायम कर पाएगी। इस अभूतपूर्व कार्य का शुभारंभ विधायक कालीचरण सराफ एवं नीरी भारत सरकार की चीफ साइंटिस्ट डॉक्टर पदमा एस राव के कर कमलों से संपन्न किया गया। इस अवसर पर जयपुर खंडेलवाल वैश्य समाज समन्वय समिति के अध्यक्ष शंकर टोडवाल, मंत्री गिरिराज प्रसाद माणक, बोहरा मंडल मंत्री नवीन भंडारी, राजीव खंडेलवाल, जेपी नाटाणी, संतोष खंडेलवाल, रामावतार डगायच मांगीलाल गुप्ता अशोक बडाया सुरेश सोनी राजेंद्र सोनी एवं बहुत से गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## राज्य स्तरीय कार्यक्रम 27 अप्रैल को

**जयपुर | बिजनेस रेमेडीज़**

उच्च शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा पीएम-उषा योजना के अंतर्गत 27 अप्रैल 2026 को वैश्विक बौद्धिक संपदा दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम प्रातः 11 बजे महात्मा गांधी इंस्टिट्यूट ऑफ गवर्नेंस एंड सोशल साइंस, जवाहरलाल नेहरू मार्ग स्थित एकेडमिक ब्लॉक में होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा होंगे। इस अवसर पर राज्य के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के स्टार्टअप्स अपने नवाचार, उत्पाद एवं सेवाओं का प्रदर्शन करेंगे। साथ ही स्टार्टअप प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाएगा।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 9 मई को

**जयपुर | बिजनेस रेमेडीज़**

आगामी 9 मई (द्वितीय शनिवार) को आयोजित होने वाली तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकाधिक राजस्व प्रकरणों का समझाइश के आधार पर निस्तारण करने के लिए राजस्व मंडल स्तर पर प्री काउंसलिंग बेंच का गठन किया गया है। प्री काउंसलिंग कार्य 27 व 28 अप्रैल को राजस्व मंडल परिसर में होगा।

# चार हजार मेगावाट के स्तर पर पहुंची पीएम-कुसुम परियोजनाएं

**जयपुर | बिजनेस रेमेडीज़**

पीएम-कुसुम योजना के तहत प्रदेश में स्थापित सौर ऊर्जा संयंत्रों की कुल क्षमता 4 हजार मेगावाट के स्तर को छू गई है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व और ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के मार्गदर्शन में विगत ढाई वर्षों में राजस्थान ने इस योजना में शानदार सफलता अर्जित की है।

पूर्ववर्ती सरकार के समय जहां मात्र 122 मेगावाट क्षमता के सिर्फ 92 प्लांट लगे थे। वहीं अब प्रदेश के गांव-ढाणी में 4 हजार मेगावाट क्षमता के 1808 संयंत्र स्थापित हो चुके हैं। कुसुम कम्पोनेंट-ए में राजस्थान सर्वोच्च पायदान पर है। वहीं कम्पोनेंट-सी में गुजरात और महाराष्ट्र के बाद तीसरे स्थान पर है। कुसुम के अन्तर्गत स्थापित सौर ऊर्जा संयंत्रों से राज्य में 2.62 लाख किसानों को कृषि के लिए दिन में बिजली मिल रही है।

खेत के समीप अनुपजाऊ भूमि पर लग रहे अधिकतम 5 मेगावाट तक के यह सौर ऊर्जा संयंत्र राज्य के कृषि क्षेत्र की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इनसे राज्य के विद्युत



वितरण निगमों को सस्ती बिजली मिल रही है और सौर ऊर्जा का उपयोग बढ़ रहा है।

**स्वीकृत हैं 10.7 गीगावाट की परियोजनाएं:** केन्द्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने राजस्थान को कुसुम कम्पोनेंट-ए तथा कुसुम कम्पानेंट-सी में कुल 10.7 गीगावाट की परियोजनाएं स्वीकृत की हैं। जिनमें से शत-प्रतिशत परियोजनाओं के बिजली खरीद अनुबंध किए जा चुके हैं। इन परियोजनाओं को वित्तीय वर्ष 2026-27 में पूरा किया जाना है। इसे देखते हुए आने वाले समय में राजस्थान में लगभग 500 मेगावाट से एक गीगावाट तक की परियोजनाएं प्रत्येक महीने स्थापित होने का अनुमान है। राजस्थान डिस्कॉम्स ने शेष 6,700 मेगावाट क्षमता अक्टूबर, 2026 तक सृजित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

**पहले लगे 48 माह अब ढाई माह में ही जोड़ी 1 हजार मेगावाट क्षमताः** प्रदेश में कुसुम योजना के क्रियान्वयन को लगातार गति मिल रही है। कम्पोनेंट-ए में प्रदेश का पहला प्लांट अप्रेल 2021 को तथा कम्पोनेंट-सी का पहला सौर ऊर्जा संयंत्र नवम्बर, 2023 में स्थापित हुआ था। इसके बाद मई 2025 को पहले 1 हजार मेगावाट क्षमता के स्तर तक पहुंचने में 48 माह लग गए। इसके बाद 2 हजार मेगावाट क्षमता हासिल करने में मात्र 5 माह लगे। वहीं 3 हजार मेगावाट का आंकड़ा छूने में 4 माह और 4 हजार मेगावाट क्षमता हासिल करने में मात्र ढाई माह का ही समय लगा। इसी मार्च माह में 543 मेगावाट के संयंत्र स्थापित हुए, जो इस योजना के शुरू होने के बाद किसी एक माह में अब तक की हासिल की गई सर्वाधिक क्षमता है।

## एक एमवीए तक की उत्पादन इकाईयों के लिए अब विद्युत निरीक्षण की जरूरत नहीं, उपभोक्ता खुद कर सकेंगे सर्टिफाई

**जयपुर | बिजनेस रेमेडीज़**

राज्य सरकार ने 33 केवी तक के विद्युत कनेक्शनों तथा उत्पादन इकाइयों की सुरक्षा जांच एवं प्रमाणीकरण की प्रक्रिया को सरल बनाते हुए नई गाइडलाइन जारी की है। केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (सुरक्षा एवं विद्युत आपूर्ति से संबंधित उपाय) विनियम 2023 के अन्तर्गत यह बड़ा बदलाव किया गया है जो तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। ईज ऑफ डूईंग बिजनेस की दिशा में राज्य सरकार का महत्वपूर्ण निर्णय है।

इस संबंध में ऊर्जा विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक अब 1 एमवीए क्षमता तक की उत्पादन इकाइयों, जिसमें सोलर एवं पवन सहित नवीकरणीय ऊर्जा के स्रोत भी शामिल हैं का अब स्व प्रमाणीकरण किया जा सकेगा। इसके लिए विद्युत निरीक्षक के प्रमाणन की आवश्यकता नहीं होगी। संबंधित उपभोक्ता, परिसर का मालिक या आपूर्तिकर्ता इसे स्व प्रमाणित कर सकेंगे कि उनका प्लांट सुरक्षा मानकों के अनुरूप है। हालांकि उपभोक्ता को यह विकल्प भी दिया गया है कि वह चाहे तो विभागीय पोर्टल के माध्यम से विद्युत निरीक्षक से जांच करवा सकता है।

अधिसूचना के अनुसार विद्युत निगम अथवा विद्युत आपूर्तिकर्ता तब तक किसी भी विद्युत प्रतिष्ठान को तब तक विद्युतीकृत नहीं करेगा, जब तक कि विभागीय पोर्टल पर स्व प्रमाणीकरण अथवा विद्युत निरीक्षक का प्रमाण पत्र अपलोड नहीं हो जाता। हालांकि एक एमवीए क्षमता से अधिक की विद्युत उत्पादन इकाइयों को विभागीय पोर्टल के माध्यम से विद्युत निरीक्षक से प्रमाणीकरण कराना आवश्यक होगा।

**स्व प्रमाणीकरण से अब हो सकेंगे 33 केवी तक के कनेक्शनः** इसी प्रकार 33 केवी तक के वोल्टेज से जुड़े कनेक्शन पर परिसरों के मालिकों, आपूर्तिकर्ता एवं उपभोक्ता विद्युत फिटिंग के संबंध में अपने प्रतिष्ठानों का स्व प्रमाणीकरण कर सकेंगे। उनके पास विभागीय पोर्टल के माध्यम से विद्युत निरीक्षण द्वारा प्रमाणीकरण कराने का विकल्प भी रहेगा। हालांकि 33 केवी से अधिक एवं हाई वोल्टेज वाले कनेक्शनों से जुड़े सभी विद्युत कनेक्शनों का प्रमाणीकरण विद्युत निरीक्षक द्वारा ही किया जाएगा। वहीं 15 मीटर से अधिक ऊंचाई वाली बहुमंजिला इमारतों के मामले में केवल विद्युत निरीक्षक से ही प्रमाणीकरण अनुमत होगा।

# राज्यपाल ने विश्वविद्यालय शैक्षणिक रिकॉर्ड को डिजिटलाइज करने के पोर्टल का शुभारम्भ किया

**जयपुर | बिजनेस रेमेडीज़**

राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने कहा कि स्वर्णिम भारत के लिए सबको मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने अच्छी मनःस्थिति के साथ देश और समाज के समग्र विकास का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा और उपाधियों की सार्थकता यही है कि हम राष्ट्र को सर्वोच्च रखते हुए अपने सभी कार्य करें।

राज्यपाल ने कहा कि दीक्षांत विद्यार्थी जीवन का नया आरम्भ है। प्राचीनकाल में गुरुकुल में गुरु शिष्य को आदर्श आचरण के लिए प्रेरित करने हेतु अंतिम शिक्षा देते थे, इसे समावर्तन संस्कार कहते थे। यही आज का दीक्षांत समारोह है। उन्होंने मैकाले द्वारा देश पर लादी गई अंग्रेजी शिक्षा पद्धति की चर्चा करते हुए कहा कि इसने हमें अपने इतिहास से विलग कर दिया। नई शिक्षा नीति 2020




भारत के महान गौरव से हमें जोड़ने वाली है।

राज्यपाल बागडे शुक्रवार को राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के ग्यारहवें दीक्षांत समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा समस्त अभ्यर्थियों के शैक्षणिक रिकॉर्ड को डिजिटलाइज करने के प्रयासों के अंतर्गत पोर्टल पर डिग्रियों को अपलोड करने की प्रक्रिया का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार के डिजिटल अभियान की सराहना की।

बागडे ने देश की नई शिक्षा नीति को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह भारतीयता के गौरव से जुड़ी है। उन्होंने कहा कि भारत ने विश्व को शून्य का ज्ञान दिया। शून्य के ज्ञान से ही विश्व को गिनती आई। उन्होंने खगोल विज्ञान में भारत की देन की चर्चा करते हुए कहा कि भास्कराचार्य ने 1150 में बताया था कि पृथ्वी गोल है। गुरुत्वाकर्षण के सिद्धांत को उन्होंने ही प्रतिपादित किया, जिसे बाद में न्यूटन का बताया गया। उन्होंने कहा कि बप्पा रावल ने सातवीं शताब्दी में अरबों को खदेड़ा था। उन्हीं के नाम से पाकिस्तान का रावलपिंडी शहर बसा हुआ है।

राज्यपाल ने कहा कि आजादी से पहले देश में आठ लाख गुरुकुल थे। अंग्रेजों ने इन्हें नष्ट करने का काम किया। वह नहीं चाहते थे कि भारतीय दृष्टिकोण की शिक्षा विकसित हो, इसलिए देश में गुलाम मानसिकता देने वाली शिक्षा पद्धति विकसित की। अंग्रेजों ने देश के घरेलू उद्योग बंद कर दिए ताकि देश के नागरिकों को भूखा मरने दिया जाए ताकि वे हमेशा के लिए गुलाम बने रहे। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति में इसलिए कौशल विकास पर जोर दिया गया है कि हम अपने साधनों से आत्मनिर्भर भारत का विकास कर सकें।

## विश्वकर्मा समाज आधुनिकतम तकनीक से जुड़कर अर्थव्यवस्था में अपना योगदान बढ़ाएंः सुथार

**जयपुर | बिजनेस रेमेडीज़**

श्री विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड, राजस्थान के अध्यक्ष रामगोपाल सुथार ने शुक्रवार को भारतीय स्किल डेवलपमेंट यूनिवर्सिटी, जयपुर का दौरा किया। सुथार ने यहां बोर्ड गठन के उद्देश्य व इसके द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि श्री विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड का गठन राजस्थान सरकार ने विश्वकर्मा समाज को धातु एवं लकड़ी के कार्यों व इससे जुड़ी कला में प्रशिक्षण देने, इस क्षेत्र में योजनाओं का सुझाव देने तथा वर्तमान योजनाओं की समीक्षा के उद्देश्य से किया है। सुथार ने समाज के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु भारतीय स्किल डेवलपमेंट यूनिवर्सिटी, जयपुर के साथ एक संयुक्त योजना बनाने का सुझाव दिया। इस योजना के अंतर्गत बोर्ड के सहयोग से समाज के युवाओं को लकड़ी एवं धातु के क्षेत्र में उन्नत प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने पर बल दिया गया। सुथार ने बताया कि समाज के अनेक युवा वर्तमान में पारंपरिक रूप से इसी क्षेत्र में कार्यरत हैं परंतु बोर्ड एवं विश्वविद्यालय के सहयोग से आधुनिक एवं उन्नत प्रशिक्षण प्राप्त कर वे अपने कौशल और आय दोनों में वृद्धि कर सकते हैं।

**कार्यालय मुख्य वन संरक्षक (वन संवर्धन) एवं स्टेट सिल्वीकल्चरिस्ट राजस्थान**

ग्रास फार्म नर्सरी, खातीपुरा रोड, जयपुर-302012, फोन नं. 0141-2350662 (E-mail ccf.silva.forest@rajasthan.gov.in)

क्रमांकः एफ. ( ) स्टोर / सिल्वा/मुवसं/2025-26/1900 दिनांकः 20/04/2026

**नीलामी सूचना 09/2025-26**

**सर्वधारण एवं लोहे के कबाड सामान (घास काटने की मशीन एवं उसके अवशेष) कय के व्यापारियों को सूचित किया जाता है इस कार्यालय में उपलब्ध घास काटने की मशीन को आईरन स्क्रेप के रूप में अनुमानित राशि रू. 75000/- को दिनांक 04.05.2026 सायः 2:00 पी.एम. से 4:00 पी.एम. के मध्य नीलामी द्वारा निस्तारित किया जावेगा। नीलामी में भाग लेने वाले को 2 प्रतिशत बयाना राशि कार्यालय में जमा करानी होगी। इच्छुक व्यक्ति द्वारा कार्य दिवस में उपस्थित होकर घास काटने की मशीन का अवलोकन किया जा सकता है। नीलामी स्वीकृति / अस्वीकृति का समस्त अधिकार अद्योहस्ताक्षरकर्ता को होगा।**

उप वन संरक्षक
(अनुसंधान) जयपुर

DIPR./C/7244/2026

# कलैक्टर संदेश नायक ने जयपुर में आईपीएल के आयोजन के लिए समस्त आवश्यक इंतजाम करने के दिए निर्देश

**जयपुर | बिजनेस रेमेडीज़**

राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग द्वारा आईपीएल 2026 के संबंध में जारी निर्देशों, आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के प्रावधानों एवं इवेक्यूएशन प्लान को ध्यान में रखते हुए जिला कलैक्टर संदेश नायक ने आईपीएल आयोजन स्थल एसएमएस स्टेडियम का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की।

जिला कलेक्टर ने राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद्, आईपीएल आयोजकों, पीडब्ल्यूडी, अग्निशमन विभाग सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारियो को निर्देशित किया कि आयोजन से पूर्व सभी आवश्यक जांच एवं सुरक्षा सहित सभी



आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं।

उन्होंने निर्देश दिए कि स्टेडियम में एम्बुलेंस सहित प्रशिक्षित चिकित्सकीय दल की तैनाती की जाए, विभिन्न स्थानों पर मेडिकल कियोस्क स्थापित किए जाएं, स्वच्छता व्यवस्था एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही दर्शकों की सघन तलाशी, आयोजन स्थल पर पर्याप्त अग्निशमन वाहनों एवं उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, बच्चों एवं दिव्यांगजनों के लिए आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने पर जोर दिया। दिव्यांगजनों हेतु दर्शक दीर्घा तक पहुंच के लिए पृथक रैंप, विशेष शौचालय एवं अन्य सुविधाओं की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। आपात स्थिति में दर्शकों एवं खिलाड़ियों की सुरक्षा के लिए प्रभावी इवेक्यूएशन प्लान तैयार करने, ज्वलनशील पदार्थों पर अग्निरोधक छि?काव करने तथा गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए पेयजल की निःशुल्क व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश जलदाय विभाग को दिए गए।

जिला रसद अधिकारी एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि मैच के दौरान परोसे जाने वाले भोजन एवं अन्य खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की जांच करें तथा अस्थायी रसोई स्थलों पर स्वच्छता सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर (जयपुर शहर दक्षिण) युगान्तर शर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**RMC स्विचगियर्स लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालयः खसरा संख्या-163, 164, ग्राम-बड़ोदिया, तहसील-कोटखावदा, जयपुर, राजस्थान, भारत, 303908
कॉर्पोरेट कार्यालयः B-11 (B&C) मालवीय औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर-302017
ई-मेल ID: info@rmcindia.in, cs@rmcindia.in, CIN: L2511RJ1994PLC008698
वेबसाइटः www.rmcindia.in, संपर्क संख्याः 0141-4031516

**डाक मतपत्र और रिमोट ई-वोटिंग जानकारी की सूचना**

प्रिय सदस्यों,

इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') की धारा 108, 110 और अन्य लागू प्रावधानों (यदि कोई हों) के अनुसार, जिसे कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 और 22 के साथ पढ़ा जाए; भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (लिस्टिंग दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 ('लिस्टिंग विनियम') के विनियम 44 के अनुसार; इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया द्वारा जारी आम बैठकों पर सेक्रेटेरियल स्टैंडर्ड ('SS-2') के अनुसार; कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ('MCA परिपत्र') द्वारा इस संबंध में जारी सामान्य परिपत्र संख्या 03/2025 दिनांक 22 सितंबर, 2025 और पिछले परिपत्रों के अनुसार; तथा अन्य लागू नियमों/विनियमों/दिशानिर्देशों/परिपत्रों/अधिसूचनाओं के अनुसार; MC स्विचगियर्स लिमिटेड ('कंपनी') कंपनी के सदस्यों की सहमति प्राप्त कर रही है। यह सहमति डाक मतपत्र के माध्यम से, केवल रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग ('ई-वोटिंग') द्वारा, 24 अप्रैल, 2026 दिनांकित डाक मतपत्र सूचना में उल्लिखित विशेष कार्यों (special business) पर मांगी जा रही है।

MCA परिपत्रों के अनुपालन में, डाक मतपत्र सूचना, साथ ही स्पष्टीकरण विवरण और ई-वोटिंग के लिए निर्देश, शु वार, 24 अप्रैल, 2026 को उन सभी सदस्यों को ई-मेल द्वारा भेजे गए हैं, जिनके ई-मेल ID कंपनी/डिपॉजिटरी प्रतिभागी(यों)/रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट के पास पंजीकृत हैं। एजेंट (MUFG Intime India Private Limited (पहले Link Intime India Private Limited के नाम से जानी जाती थी))।

Postal Ballot Notice कंपनी की वेबसाइट (https://www.rmcindia.in/) और CDSL की वेबसाइट (https://www.cdslindia.com/) पर उपलब्ध है। ये विवरण उन स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट पर भी उपलब्ध हैं जहाँ कंपनी के इक्विटी शेयर लिस्टेड हैं, जैसेः BSE Limited (https://www.bseindia.com/) और NSE Limited (https://www.nseindia.com/)।

अधिनियम की धारा 108 और 110, Companies (Management and Administration) Rules, 2014 के नियम 20 और 22, और Listing Regulations के Regulation 44 के प्रावधानों के अनुपालन में, कंपनी उन सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से वोट देने की सुविधा ('remote e-voting') प्रदान करके प्रसन्न है, जिनके पास शुक्रवार, 17 अप्रैल, 2026 तक शेयर हैं, ताकि वे e-voting का उपयोग करके अपना वोट डाल सकें; इसके लिए कंपनी ने e-voting एजेंसी के रूप में CDSL की सेवाएँ ली हैं।

E-voting शनिवार, 25 अप्रैल, 2026 को सुबह 09:00 बजे (IST) शुरू होगी और रविवार, 24 मई, 2026 को शाम 05:00 बजे (IST) समाप्त होगी। इस अवधि के दौरान, जिन सदस्यों के पास शुक्रवार, 17 अप्रैल, 2026 ('Cut-off Date') तक शेयर हैं, वे इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डाल सकते हैं। इसके बाद CDSL द्वारा voting के लिए remote e-voting मॉड्यूल को बंद कर दिया जाएगा, और उक्त तिथि और समय के बाद वोट डालने की अनुमति नहीं होगी। एक बार जब कोई सदस्य किसी प्रस्ताव पर अपना वोट डाल देता है, तो उसे बाद में उसे बदलने या दोबारा वोट डालने की अनुमति नहीं होगी। सदस्यों के वोट देने के अधिकार Cut-off Date को कंपनी की Paid-up Equity Share Capital में उनके शेयरों के अनुपात में होंगे। जिन सदस्यों की e-mail ID डिपॉजिटरी में रजिस्टर्ड नहीं हैं, वे भी Postal Ballot Notice में दी गई e-voting प्रक्रिया का पालन करके अपना वोट डाल सकते हैं।

किसी भी प्रश्न के मामले मेंः helpdesk.evoting@cdslindia.com पर एक e-mail भेजें। सदस्य कंपनी सेक्रेटरी को इस ईमेल पते पर भी लिख सकते हैंः cs@rmcindia.in.

बोर्ड ऑफ़ डायरेक्टर्स ने CS मेघा खंडेलवाल (FCS: 10237), जो एक प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरी हैं, को पोस्टल बैलेट वोटिंग प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से आयोजित करने के लिए स्क्रूटिनाइज़र (निरीक्षक) के रूप में नियुक्त किया है।

रिमोट ई-वोटिंग के परिणाम मंगलवार, 26 मई 2026 को या उससे पहले घोषित किए जाएंगे। घोषित परिणाम, स्क्रूटिनाइज़र की रिपोर्ट के साथ, सदस्यों की जानकारी के लिए कंपनी की वेबसाइट (www.rmcindia.in), CDSL की वेबसाइट (https://www.cdslindia.com/) और उस स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट पर रखे जाएंगे जहाँ कंपनी के शेयर लिस्टेड हैं, यानी BSE Limited (https://www.bseindia.com/)।

जिन सदस्यों को पोस्टल बैलेट नोटिस नहीं मिला है, वे इसकी डुप्लीकेट प्रति प्राप्त करने के लिए कंपनी के रजिस्टर्ड कार्यालय या रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट को लिख सकते हैं, या इसे कंपनी की वेबसाइट www.rmcindia.in अथवा CDSL की वेबसाइट https://www.cdslindia.com/ से डाउनलोड कर सकते हैं।

इस संबंध में सभी संचार/प्रश्न हमारे RTA, MUFG Intime India Private Limited (जिसे पहले Link Intime India Private Limited के नाम से जाना जाता था) को उनके ईमेल पते rnt.helpdesk@in.mpms.mufg.com पर भेजे जाने चाहिए।

बोर्ड ऑफ़ डायरेक्टर्स के आदेश से
RMC Switchgears Limited के लिए
Sd/-
CS शिवानी बैराठी
कंप्लायंस ऑफिसर और कंपनी सेक्रेटरी
सदस्यता संख्याः A42636

दिनांकः 24 अप्रैल, 2026
स्थानः जयपुर

## "हाथ की करामात"

1. **हाथ जोड़ना :** नम्रता की मुद्रा में निवेदन
2. **हाथ का सच्चा :** जो पराई चीज को कभी उठाना पसंद नहीं करता वो
3. **हाथ पोला :** हर एक के लिए अपनी जेब हल्की करने वाले का संबोधन।
4. **हाथापाई :** जब आंखों में खून उतर आता है तब होती है।
5. **हाथ उठाना :** जो पराई सम्पत्ति को हड़पना चाहता है, चोरी करने वाले का खिताब
6. **हाथ बांधकर बैठना :** हिम्मत का हथियार डालने वाला
7. **हाथ पसारना :** गरीब की मजबूरी
8. **हाथ पांव पछाड़ना :** दर्द कर प्रगटीकरण
9. **हाथ का मैल :** सज्जन, संतोषी, पैसे को समझते हैं, दिल वाले दानवीरों की सम्यक सोच
10. **हाथ कंगन को आरसी :** जो सामने है उसके लिए प्रुफ की कहां जरूरत?
11. **हाथ पीले करना :** बेटी का पाणिग्रहण संस्कार करना हो तब मां बांप बोलते हैं।
12. **हत्थ संजए :** प्रभु महावीर के संयम की शुरूआत
13. **हत्थ पाय पल्ली छिन्न :** ब्रह्मचारी की कसौटी का प्रतीक

**चिंतनशीला वसुमति जी मा.सा.**

## जयपुर चैप्टर शुभारंभ के साथ आईएसीसी का राजस्थान में विस्तार

**जयपुर | बिजनेस रेमेडीज़**

भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, इंडो-अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईएसीसी) 28 अप्रैल, 2026 को जयपुर के द ललित में औपचारिक रूप से अपने राजस्थान चैप्टर का शुभारंभ करेगा।

इस उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी होंगी। वहीं, अमेरिकी दूतावास के वाणिज्यिक मंत्री परामर्शदाता (Minister Counselor for Commercial Affairs) जोनाथन हेइमर विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उनकी उपस्थिति भारत-अमेरिका संबंधों में राजस्थान के बढ़ते रणनीतिक और वाणिज्यिक महत्व को दर्शाती है। आईएसीसी के नेशनल पूर्व प्रेसिडेंट डॉ. ललित भसीन ने शुभारंभ से पहले कहा, राजस्थान की तीव्र औद्योगिक वृद्धि और निवेशक-अनुकूल नीतियां इसे भारत-अमेरिका जुड़ाव के विस्तार के लिए एक स्वाभाविक पसंद बनाती हैं। इस चैप्टर के माध्यम से, हमारा लक्ष्य गहरे व्यापारिक संबंधों, नीतिगत संवाद और सीमा पार सहयोग को सक्षम बनाना है।' इस कार्यक्रम में वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों, प्रमुख उद्योगपतियों, उद्यमियों और व्यापारिक समुदाय के सदस्यों के शामिल होने की उम्मीद है।

**राजस्थान का महत्व और आईएसीसी का उद्देश्यः** विनिर्माण, नवीकरणीय ऊर्जा, पर्यटन, रत्न एवं आभूषण और स्टार्टअप जैसे क्षेत्रों में राजस्थान एक प्रमुख निवेश गंतव्य के रूप में उभर रहा है। आईएसीसी के इस नए चैप्टर का उद्देश्य द्विपक्षीय व्यापार, निवेश और औद्योगिक सहयोग को सुविधाजनक बनाने के लिए एक समर्पित मंच तैयार करना है।

राजस्थान सरकार और अमेरिकी दूतावास दोनों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों की उपस्थिति से संस्थागत सहयोग और मजबूत होने तथा अंतरराष्ट्रीय भागीदारी के लिए एक प्रवेश द्वार के रूप में राजस्थान की स्थिति और सुदृढ़ होने की उम्मीद है।